हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 जून 2024

06 अच्छी बारिश होते ही इलाके में धान की रोपाई और...


09 हम योग को जीवन का हिस्सा बना लें तो इसके...




## खबर संक्षेप

### पोलियो अभियान का शुभारंभ आज

**विदिशा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज रविवार को किया जाएगा। जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिले में 23 से 25 जून तक यह अभियान संचालित कर जिले के सभी शून्य से 5 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को पोलियो विमुक्ति की दवा पिलाई जाएगी।

### बैठक 28 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम तिमाही मार्च 2024 की जिला सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक का आयोजन शुक्रवार 28 जून को किया गया है। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।

### एक प्रकरण में जिलाबदर की कार्रवाई की

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी कर दिए हैं। मनोज अहिरवार पुत्र हरिराम उर्फ हरिप्रसाद अहिरवार निवासी ब्राइट कैरियर स्कूल के पास शिक्षक कॉलोनी को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से निष्कासित किया गया है। विगत दिनों भी कलेक्टर ने एक साथ सात आदतन अपराधियों को जिलाबदर करने के आदेश जारी किए थे। लगातार कार्रवाई से अपराधियों में भी भय का माहौल पैदा हो गया है।

### दो पक्षों में जमीनी विवाद, छह घायल

**विदिशा।** लटेरी के उनारसी थाना क्षेत्र के ग्राम मूडरा रतनसी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के करीब 6 लोग घायल हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों के खिलाफ मामला किया है। जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी और डंडों से हमला किया। घटना के बाद सभी घायलों को लटेरी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पटवारी से परेशान होकर कलेक्टर के पास पहुंचे

**विदिशा।** शमशाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम थाना के रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पटवारी की शिकायत की। करीब दर्जन भर ग्रामीण अपने खेत की नपती न होने की शिकायत लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 2 महीने से पटवारी उन्हें नपती के नाम पर परेशान कर रहा है। इस बात की शिकायत शमशाबाद तहसीलदार से भी की गई थी लेकिन समस्या का हल नहीं निकाला। इसके चलते सभी ग्रामीण कलेक्टर के पास गुहार लगाने पहुंचे।

### नुक्कड़ नाटक करके किया जाएगा जागरुक

**विदिशा।** शनिवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज के त्वचा रोग विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 25 जून को विश्व ल्कोडर्मा दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों और 26 तारीख को होने वाले नुक्कड़ नाटक के बारे में जानकारी दी गई। विभाग प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि ल्यूकोडर्मा जिसे आम भाषा में सफेद दाग कहा जाता है, उससे लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहे हैं। साथ ही उन लोगों को भी यहां आमंत्रित किया जाएगा जिन्हें यहां के इलाज से लाभ मिला है और वह स्वस्थ हुए हैं। उन्होंने यह भी बताएं कि 26 जून को 2021 बैच के विद्यार्थी नुक्कड़ नाटक के जरिए इस बीमारी के कारण बचाव और इसके इलाज के बारे में जानकारी देंगे। इससे जोड़ी कई भ्रांतियां को लेकर भी जानकारियां दी जाएगी।

## कथा को लेकर प्रचार प्रसार में जुटी अंगद सेना समिति श्रद्धालुओं से किया जा रहा आह्वान

नगर में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। 29 तारीख को नगर में भव्य कलश यात्रा निकालने को लेकर कलश वितरण किए जा रहे हैं। वहीं कथा स्थल पर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। पंडाल भी लग चुके हैं।

# 29 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा, शिवमहापुराण की कथा सुनने कई जिलों से आएंगे लाखों श्रद्धालु, तैयारियां हुईं शुरू

## गिरधर कॉलोनी में लगाए गए तीन पंडाल, 15 दिनों से चल रही तैयारी, हजारों कलश वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की कथा को लेकर गिरधर कॉलोनी में भव्य पंडाल लग चुका है। अब पंडाल के अंदर की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। वहीं कथा और कलश यात्रा को भव्य बनाने के लिए अंगद सेना समिति दिनभर जुटी हुई है। इस समिति ने बागेश्वर धाम की कथा में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई थी। 29 तारीख को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर कलश वितरित किए जा रहे हैं।


विदिशा। कथा के लिए गिरधर कॉलोनी में लग चुका है विशाल पंडाल।

कलश यात्रा देवी का बाग से तिलक चौक, निकासा, माधवगंज, खरीफाटक ब्रिज, पीतलमिल चौराह से करैयाखेड़ा रोड होते हुए बायपास से गिरधर कॉलोनी पहुंचेगी। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में विभिन्न जिलों से श्रद्धालु विदिशा पहुंचेंगे।

मां सरस्वती मानस मंडल द्वारा इस कथा का आयोजन किया गया है। कथा को लेकर समिति की तैयारियों के साथ प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था की जा रही है। कथा में हजारों की संख्या में वाहन आएंगे ऐसे में हाईवे पर यातायात प्रभावित न हो इसको लेकर प्रशासन अपने स्तर पर भी तैयारी कर रहा है। यदि ऐसे स्थिति बनी तो मार्ग भी डायवर्ट करना पड़ सकते हैं। वहीं आयोजन समिति ने कथा स्थल पर रुककर सात दिनों तक कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था के लिए भी एक समिति का गठन किया है। इधर पंडित मिश्रा की कथा को लेकर परिवारों में रिश्तेदारों ने कभी से एक दूसरे से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

### कथा के लिए पहले नई मंडी को चुना गया था

शिव महापुराण कथा के लिए पहले नई मंडी परिसर का चयन किया गया था, लेकिन यहां पर अनुमति न मिलने के कारण कथा का स्थान बदल दिया गया है। अब गिरधर कॉलोनी में 30 बीघा जमीन पर पंडाल लगाया जा रहा है। विगत दिनों कथा के लिए पूजन करने के साथ ही कॉलोनी में पंडाल लगाने का काम शुरू हो चुका है। कलश यात्रा को लेकर नगर के महिला मंडल और समितियों को कलश का वितरण किया जा रहा है। हजारों की संख्या में कलश अब तक वितरित किए जा चुके हैं। 29 जून को देवी का बाग से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं आयोजन समिति ने भी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# सीमांकन की लंबित शिकायतों का युद्ध स्तर पर करो निराकरणः कलेक्टर वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी शिकायत अधिकारी अपने स्तर पर किसी भी प्रकार की शिकायत पेडिंग न रखें।

कलेक्टर वैद्य ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण मामलों में पहली बार राजस्व व जिला ए ग्रेड सूची में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में ओर तेजी लाएं ताकि जिला प्रदेश में अव्वल हो सके।

कलेक्टर वैद्य ने जिले को राजस्व वसूली का प्राप्त नवीन लक्ष्य बीस करोड़ की वसूली के लिए हेडवार किए जाने वाले प्रबंधों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के मामले में गतवर्ष 13 करोड़ को बढ़ाकर इस वर्ष बीस करोड़ किया गया है।


विदिशा। बैठक के दौरान जिलेभर के एसडीएम को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

राजस्व वसूली, बैक रिकवरी तथा वसूली के सभी हेड का ग्रामवार प्लान तैयार किया जाए ताकि किसी भी प्रकार के अवरूद्ध उत्पन्न न हो सकें।

कलेक्टर श्री वैद्य ने आरबीसी के प्रकरणों से संबंधित राशि पीड़ितों को शीघ्र मिले इसके लिए मांग पत्र समय पर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा। वहीं पूर्व प्राप्त की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कराएं ताकि राजस्व कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों खासकर एसडीएम से कहा है कि सीमांकन संबंधी प्रकरणों का शीघ्र हर स्तर पर निराकरण करें। समय पर कार्य न होने के कारण आवेदक सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज करने लगते हैं। कलेक्टर ने कहा कि चरनोई भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो का विशेष ध्यान रखा जाए। चरनोई भूमि पर चारा संबंधी कार्यों के लिए गौ-शालाओं को आवंटित करने की प्रक्रिया नियमानुसार क्रियान्वित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के दौरान गौ-वंश बाहर विचरण ना करें इसके लिए गौपालकों को आवश्यक जानकारी दी जाए साथ ही आवारा विचरण करने वाले गौ-वंशो को गौशालाओं में रखने के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं, ताकि आवागमन के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना गौ-वंश के कारण न हो पाए। राजस्व बैठक में सीएम हेल्पलाइन पीएम किसान, जायद गिरदावरी, स्वामित्व योजना, सीमांकन प्रकरण, भू-अर्जन की प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में की गई है।

### विदिशा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने शरिवार को सीएम हेल्पलाइन और पीएम जनमन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला द्वितीय स्थान हासिल करने पर विभागों के अधिकारियों के बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग व सम्पूर्ण जिला पहली बाहर ए ग्रेड सूची में शामिल हुआ है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे निराकरण मामलों की इस गति को बनाए रखें। जिले में संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना के पात्रताधारी सहरिया जनजाति नागरिको को योजना के तहत प्रदाय की जाने वाली 11 प्रकार की विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ प्राप्त हो इसके लिए पीएम जनमन कार्यों पर नजर रखी जा रही है।

# 24 सट्टेबाज दबोचे, पुलिस ने निकाला उनका जुलूस


विदिशा। सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर पुलिस ने सड़क पर निकाला जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर में दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर पुलिस ने 24 सट्टेबाजों को दबोचा है। शुक्रवार को सावरकर बाल विहार के पीछे बनी दुकान पर छापामार कार्रवाई की गई, वहां से 10 लोगों को हिरासत में लिया।

उनके पास से लगभग 18 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सभी को रस्सी से बांधकर जुलूस निकालते हुए थाने ले गई। वहीं दूसरी कार्रवाई किलेअंदर में की गई। पुलिस ने मुखबिर की बताए स्थान पर छापामार कार्रवाई की तो वहां से 14 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने मौके से 7 हजार से ज्यादा नगद राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को रस्सी से बांधकर जुलूस निकाला और थाने ले गई।

सीएसपी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि शहर में जुआ सट्टा का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। शनिवार को मुखबिर से जुआ सट्टा की जानकारी मिली। जिसके बाद शहर में दो स्थानों पर कार्रवाई की गई एक जगह से 10 लोगों और दूसरी जगह से 14 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ-साथ धारा-151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया जुआ सट्टा के खिलाफ में कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**विदिशा।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मनोज कुमार राठी ने अपने अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी शरद उर्फ प्रवेन्द्र व्यास निवासी ग्राम मोहलीखुर्द थाना खुरई जिला सागर व जितेन्द्र अहिरवार निवासी ग्राम मेनसी थाना खुरई जिला सागर को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह राठौर ने की। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करके पकड़ा था। आरोपी ढोलखेड़ी से बेतवा स्थित शमशान की तरफ गांजा लेकर आ रहे थे। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 किलो गांजा जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। जहां उन्हे 10 साल के कारावास की सजा सुनाई गई।

## निकायों एवं पंचायतों की बैठकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लें

### चुनी हुई महिलाओं के प्रतिनिधि बैठकों में पहुंचकर देते हैं दखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

निकायों एवं पंचायतों की बैठकों, सम्मेलन सहित अन्य शासकीय आयोजनों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लें सकेंगे। कलेक्टर ने निकाय व पंचायत अधिनियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत एक पत्र जारी किया है।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा नगरीय निकायों तथा पंचायतों के लिए अलग अलग आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर वैद्य के संज्ञान में यह तथ्य आने पर कि निकायों व पंचायतों की बैठकों सम्मेलन व अन्य शासकीय आयोजनों में निर्वाचितों के घर से या अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होकर कार्यों में सीधे दखल दे रहे हैं, जो अधिनियमों के विरुद्ध है। कलेक्टर ने निकाय अधिनियमों के तहत प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में निकायों के अधिकारियों को सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है। नगरीय निकायों में निर्वाचित महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं निर्वाचित सदस्यों के पति अथवा उनके निकटतम रिश्तेदार, परिषद के सभा, सम्मेलन तथा बैठकों में शामिल हो रहे हैं एवं उनके द्वारा संबधित कार्यों में सीधा दखल दिया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है।

## पवित्र नदियों के जल और फलों के रस से किया जगन्नाथ स्वामी का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) विदिशा शाखा द्वारा इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा 13 जुलाई शनिवार को नगर में निकाली जाएगी।

रथोत्सव की तैयारी के प्रथम चरण में शनिवार को शाम 5 बजे अग्रवाल धर्मशाला में भगवान जगन्नाथ स्वामी को प्रथम स्नान कराया गया। इस्कॉन के प्रमुख गुरु सर्वसाक्षी महाराज ने बताया कि पवित्र नदियों के जल, फलों के रस से विशेष अभिषेक किया गया। इस्कॉन विदिशा भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा आयोजन कमेटी


विदिशा। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची।

प्रमुख घनश्याम बंसल, डॉ.रमेश ठाकुर, राधेश्याम माहेश्वरी, केके गुप्ता, अटल तिवारी, भानु दुबे ने रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति सचिव नीरज चौरसिया ने दी।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पत्नी ने दो लोगों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**विदिशा।** बराईपुरा निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र बाल्मीकि ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने जितेंद्र को फांसी पर लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। मृतक की पत्नी आरती वाल्मीकि ने आरोप लगाया कि दो युवक उसके पति को प्रताड़ित कर रहे थे। दो-तीन लाख रुपए उन्हें दिए जा चुके हैं। उसके बाद भी वह लोग पैसों की मांग की कर रहे हैं। वहीं सीएसपी अतुल सिंह का कहना है कि मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था और शराब के नशे में ही उसने यह कदम उठाया है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है।

## समझाइश देकर नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का किया आयोजन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम भाटनी में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम किया। नशमुक्ति जागरूकता लाने के संबंध में एवं



नशे से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान आमजन को नशा करने से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी देते हुए नशा न करने की समझाईश दी गई एवं नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

# परीक्षा आजः 4 केंद्रों पर 1740 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज दो सत्रों में सुबह 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक होगी। जिले में चार केंद्रों बनाए गए हैं। कुल 1740 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल डंडापुर, परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट कॉलेज में 500-500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक कॉलेज विदिशा में 240 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार कुल 1740 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर ने शहर के परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ्लाइंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, मप्र लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से संबंधित आयोग के समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### परीक्षा कक्ष में यह वस्तुएं नहीं ले जा सकेंगे


मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि, पठन सामग्री, समस्त प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस, जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते है। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसेः- बालों को बांधने का क्लेचरध्बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिकध्चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्सध्वॉलेट, टोपी, ताबीज वर्जित है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर का प्रयोग किया जाना पूर्णतः निषेध है।

### सिर्फ आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा

फोटो परिचय पत्र द्वारा आवेदक की पहचान की पुष्टि न होने पर परीक्षार्थी को परीक्षा देने की अनुमति प्रदाय नहीं की जाएगी। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल डंडापुरा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, सम्राट अशोक टेक्नोलोजिकल इंस्टीट्यूट इंजीनियरिंग कॉलेज तथा एसएटीआई पोलीटेक्निक को केंद्र बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिजली के खंभे में आया करंट, बछड़े की मौत



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 में शुक्रवार को रात्रि के समय एक विद्युत खंभे में करंट प्रवाहित हो गया। जिसकी चपेट में आकर एक गौ वंश की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 22 में हनुमान मंदिर के पास एक बिजली का खंभा लगा हुआ है उसके पास से एक सफेद रंग का गाय का बछड़ा निकला जो लोहे के विद्युत खंभे के संपर्क में आ गया। जिससे करंट लग गया और गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद वहां के लोगों ने बछड़े को खंभे के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उन्होंने टेस्टर को विद्युत खंभे से लगाकर चेक किया तो पता चला कि उसमें करंट प्रवाहित हो रहा है। यह तो अच्छा हुआ कि करंट प्रवाहित विद्युत खंभे की चपेट में कोई वार्डवासी नहीं आया।

### आज बंद रहेगी बिजली

**गंजबासौदा।** विद्युत सुधार कार्य के चलते रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक धर्मकांटा, बरेठ रोड, स्टेशन रोड, जला मील, सावरकर चौक का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

## इस वर्ष बढ़ गया है सोयाबीन की अपेक्षा धान का रकबा

# अच्छी बारिश होते ही इलाके में धान की रोपाई और बोवनी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में लंबे इंतजार के बाद गुरूवार-शुक्रवार की रात आखिरकार इलाके में जोरदार बारिश हो गई। इस दौरान तहसील के वर्षामापी यंत्र पर 62 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे और वे सोयाबीन, उडद की बोवनी एवं धान रोपाई में जुट गए हैं।





उल्लेखनीय है कि इलाके में इस वर्ष सोयाबीन की अपेक्षा धान की बोवनी एवं रोपाई बडे पैमाने पर की जा रही है। गत वर्ष धान के भाव मंडी में अच्छे रहने और सोयाबीन के हर साल खराब हो जाने के साथ ही इस वर्ष अच्छी और वर्षाकाल के अंत तक बारिश होने के पूर्वानुमानों के चलते हर गांव में अधिकांश किसान धान की रोपाई एवं बोवनी की तैयारियों में लगे हुए थे। किसानों ने अपने खेतों को समतल कर गडे यानि बडी क्यारियां बना ली हैं। साथ ही रोपाई के लिए इन गडों में पानी भरकर धान की पौध भी तैयार कर ली थी। इसके बाद से किसान बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे थे, लेकिन आसपास के क्षेत्र में रह रहकर हो रही अच्छी बारिश और इलाके में पानी न बरसने से किसानों की बेचैनी बढती जा रही थी। इस बीच गुरूवार शुक्रवार की दरम्यानी रात मौसम ने अचानक करवट बदली और नगर सहित इलाके भर में रात भर रहरहकर अच्छी बारिश होती रही।

करीब 62 मिमी की इस बारिश से खेतों में बने गडे भर गए और प्लाऊ वाले खेत भी पूरी तरह नम हो गए। जिससे किसानों को बोवनी करने के लिए अनुकूल माहौल बन गया। इसी कारण अधिकांश गांवों में शनिवार से ही सोयाबीन, उडद की बोवनी शुरू हो गई है। वहीं धान रोपने वाले किसानों ने भी अपनी तैयार पौध को गडों में रोपने का काम तेज कर दिया है।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने भी आगामी 25 जून तक ही मौसम के आंशिक रूप से खुले रहने के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 25 जून तक इलाके में मिला जुला मौसम रहेगा। जिसमें तेज धूप के साथ बादल भी गहराएंगे, जिनसे गरज चमक के साथ बारिश के भी संकेत हैं। जबकि 25 जून के बाद प्रतिदिन तेज गरज चमक के साथ पानी बरसने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं। साथ ही 28 जून के बाद से मानसून की अच्छी और लगातार बारिश होने के भी संकेत हैं। मौसम के इन पूर्वानुमानों को देखते हुए भी किसान सोयाबीन, उडद एवं धान की बोवनी जल्दबाजी में कर रहे हैं। दूसरी ओर यहां यह भी उल्लेखनीय है कि धान रोपने वाले अधिकांश किसान इस वर्ष अच्छी बारिश को लेकर धान की बोवनी कर रहे हैं, लेकिन वेबसाइटों के दीर्घकालिक पूर्वानुमानों में आगामी सितंबर माह में जुलाई अगस्त की अपेक्षा कम ही बारिश होने की संभावनाएं जताई हैं। वेबसाइट पर दिए गए पूर्वानुमान के अनुसार जुलाई माह में अच्छी बारिश की संभावना है। वहीं अगस्त माह में भी एक पखवाडे में अच्छी तो दूसरे पखवाडे में रह रहकर अच्छी बारिश के संकेत हैं। इसके बाद सितंबर माह में मिला जुला मौसम रहने और रह रहकर बारिश होने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं। यानि सितंबर माह में जुलाई अगस्त की अपेक्षा कम बारिश के संकेत हैं।

## फायर सेफ्टी के संबंध में प्राइवेट स्कूल संचालकों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कि फायर सेफ्टी नोटिस के कुछ बिंदुओं के संबंध में स्कूल संचालकों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई और बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस संबंध में एक ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नपा सीएमओ को देंगे। जिसके बाद प्राइवेट स्कूल संचालकों ने एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि फायर सेफ्टी नोटिस देने से पूर्व कभी भी इस संबंध में विद्यालयों को सूचित नहीं किया गया जबकि विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण के पश्चात ही मान्यता प्रदान की जाती है। मान्यता मापदंडों के अनुसार विद्यालयों में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र लगे हुए हैं दूसरी आपत्ति यह है कि 24 घंटे के अंदर स्कूल संचालकों को 286500 अर्थ दंड जमा करने को कहा गया है जो न्याय संगत नहीं है। शैक्षणिक संस्थाओं को बिना किसी सूचना के एक वर्ष से भी अधिक समय से लगातार फायर सेफ्टी सिस्टम जुर्माना लगाया जा रहा है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मांग है कि विद्यालय पर लगाए हुए अर्थ दंड को माफ किया जाए एवं फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने के लिए कम से कम एक वर्ष का समय प्रदान किया जाए एवं आगामी समय में प्राइवेट स्कूल संचालकों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए जाएं जिससे स्कूलों में असमंजस को स्थिति ना रहे। इसके बाद प्राइवेट स्कूल संचालकों ने नगर में चल रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों के लिए शाल,श्रीफल से नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव का सम्मान किया एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

## भारत का योग विश्व पटल पर शोभायमान हो रहा है: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विश्व योग दिवस के मौके पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में एनएसएस बालक- बालिका इकाई के तत्वावधान में राज्य स्तर पर योग का प्रदर्शन कर चुके संस्था के छात्रों द्वारा खेल शिक्षक गजेन्द्र सिंह दांगी के मार्गदर्शन में विद्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने छात्रों को बताया कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि हमारे भारत का योग आज विश्व के सभी देशों में ख्याति प्राप्त करते हुए मान्य हो चुका है। आज विश्व के मुस्लिम देशों में भी योगाभ्यास कराया जाता है क्योंकि जाति, धर्म और देश का न होकर पूरी मानव जाति के उत्थान का माध्यम बनता है। आज योग गुरू रामदेव द्वारा योग के माध्यम से सबसे जटिल कैंसर जैसी बीमारी से लोगों को स्वस्थ करने में सफलता प्राप्त की है। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि योग सभी के जीवन में अपनाया जाना चाहिए। इस दौरान खेल शिक्षक गजेन्द्र सिंह दांगी ने योगाभ्यास सूर्य नमस्कार कराया। वरिष्ठ शिक्षक कृष्णपाल सिंह चौहान ने आसन एवं दिनकर कद्रे ने प्राणायाम का अभ्यास कराया। उपप्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, प्रीति माथुर, सुमन श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, डॉ कमला चतुर्वेदी, डॉ विजय कुमार जैन, सोनू राय, अजय विष्वकर्मा, साक्षी दांगी, कुलदीप रघुवंशी, रिंकी भावसार, रिंकी सैनी सहित समस्त स्टाफ सहित छात्रों ने योगाभ्यास किया।

## गौसेवकों ने रात्रि में गाय का रेस्क्यू कर बचाई जान

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को रात्रि के समय ग्राम बरेठ से लगभग 8 किलोमीटर दूर जालपा घाट पर नदी की कीचड़ में एक गाय के फंसे होने की सूचना बरेठ के विहिप कार्यकर्ता एवं गौसेवक श्याम रघुवंशी को मिली। जिन्होंने तुरंत सूचना अपने साथियों को दी जिसके बाद लगभग एक दर्जन विहिप कार्यकर्ता जालपा घाट पर पहुंचे जहां मोबाइल की टार्च के सहयोग से एक घण्टे की मशक्कत के बाद गाय को बमुश्किल कीचड़ से बाहर निकाला गया। इस बीच ग्रामीण क्षेत्र में बारिश हो जाने से दो पहिया वाहन कीचड़ में फंस गए जिन्हे गौ सेवकों द्वारा दो ढाई घण्टे तक बड़ी मशक्कत करने के बाद दो पहिया वाहनों को सड़क तक लेकर आऐ।



## नगरपालिका अमले ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शनिवार को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा नगर के अनेक वार्डों में सफाई अभियान चलाकर जेसीबी मशीन की सहायता से एवं नपा सफाई कर्मियों की मदद से बड़ी मात्रा में नालों एवं नालियों से कचरा एकत्रित किया गया। जिसे बाद में नपा के वाहनों से भरकर बाहर फिकवाया गया।

जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष के निर्देश पर नपा सफाई अमला बारिश पूर्व नगर के सभी वार्डों में नाले, नालियों की साफ, सफाई करने में जुटा हुआ है। जो प्रत्येक दिन किसी न किसी वार्ड में पहुंचकर वहां के नाले, नालियों के ऊपर से फर्सियां हटाकर साफ, सफाई कर रहा है। शनिवार को नपा सफाई कर्मियों ने मील रोड पर महावीर बिहार के बाहर से होकर निकले नाले के ऊपर की फर्सियां हटाकर नाले की साफ, सफाई की गई। उधर बरेठ रोड नया बस स्टेण्ड क्षेत्र में नपा सफाई कर्मियों द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से साफ, सफाई की गई। वहीं मुस्कान टॉकीज के सामने वाली गली सहित अनेक स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाकर नाले एवं नालियों से बड़ी मात्रा में कचरा निकाला गया। नालों की साफ, सफाई स्वच्छता अधिकारी जावेद खान की मौजूदगी में की गई। इस अवसर पर अनेक नपा सफाई कर्मी मौजूद थे। नगर में नपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिस प्रकार से नगर की साफ, सफाई, सौंदर्यकरण, निर्माण कार्य, अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रहीं हैं।

## लोनिवि और निर्माण एजेंसी की लापरवाही, पुलिया से नाले में गिरा बाइक सवार

**गंजबासौदा।** त्योंदा रोड से लालपठार को जोडने वाले मुख्य मार्ग पर पिछले कुछ माह से एक पुलिया का निर्माण चल रहा है, लेकिन लोनिवि के अधिकारियों की उदासीनता के चलते कई महीनों बाद भी यह पुलिया निर्माण पूरा नहीं हो पाया है और इस बरसात में भी इसके पूरे होने की संभावना नहीं है। इसी के चलते निर्माण एजेंसी द्वारा बरसात में पुलिया के ऊपर से आवागमन जारी रखने के लिए बीती रात वहां कोपरा डलवाया गया था, लेकिन कोपरे की ढेरियों को मशीन से फैलाया नहीं गया। इस लापरवाही का परिणाम यह निकला कि शनिवार की सुबह एक बाइक चालक इस पुलिया पर से गुजरते समय कोपरे पर अनियंत्रित हो गया और सीधा पुलिया पर से नाले में जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बाइक चालक को आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उधर इस घटना के बाद रहवासियों में निर्माण एजेंसी और लोनिवि की लापरवाही एवं उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश है।



## प्राथमिक शाला कालापठार में लगेगा इन्वेटर, शिक्षकों ने की राशि एकत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे छात्र, छात्राओं को गर्मी और अंधेरे से निजात के लिए इन्वेटर लगाया जायेगा। शाला की पूर्व शिक्षिका और वर्तमान में माध्यमिक शाला हतोडा में पदस्थ माधवी भाटिया का जन्मदिवस मां सरस्वती के पूजन उपरांत मध्यांतर मे छात्र, छात्राओं के बीच कालापठार स्कूल में मनाया गया। छात्र, छात्राओं को सम्बोधित करते हुए भाटिया ने कहा की मेरी प्रथम नियुक्ति इस शाला की है। इस शाला के छात्रो और शिक्षकों से मुझे भरपूर स्नेह एवं सहयोग मिला। शाला में संयुक्त परिवार जैसा माहौल है। यह शाला सर्व सुविधायुक्त शाला है। शिक्षा का स्तर भी अच्छा है विद्युत की समस्या को देखते हुए छात्र, छात्राओं को गर्मी से मुक्ति मिल सके और भरपूर उजाला मिल सके जिससे छात्रों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न ना हो इसलिए एक इन्वेटर की बहुत आवश्यकता है। भाटिया की पहल पर शाला में पदस्थ सभी शिक्षकों ने मिलकर इन्वेटर लगबाने की सहमति बनाई। माधवी भाटिया के सुझाव पर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ,शिक्षक गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी ने सुझाव व सहयोग पर सहमति व्यक्त करते हुए शाला परिवार और माधवी भाटिया के सौजन्य से शाला में शीघ्र ही इनवर्टर लगवाने का निश्चय किया। शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि ऐसे कितने शिक्षक हैं जो अपनी पूर्व की शाला को सहयोग करते हैं और ख्याल रखते हैं। ज्ञात हो कि पिछले बर्ष भी माधवी भाटिया ने इस शाला को साउण्ड सिस्टम भेंट किया था। इसके उपरांत छात्र छात्राओं में केक और चाकलेट वितरित की गईं।

## ब्राह्मण समाज आज करेगा विद्यार्थियों का सम्मान

**गंजबासौदा।** ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में रविवार को मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह शाम 4 बजे मानस भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कक्षा 10 एवं 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के विशिष्ट लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में बाहर से अनेक विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। साथ ही ब्राह्मण समाज की नवगठित कार्यकारिणी शपथ भी ग्रहण करेगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं है चिकित्सक, परेशान हो रहे ग्रामवासी

# स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण हो रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम उदयपुर में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की मनमानी के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एमबीबीएस डॉक्टर की कमी से जूझ रहा है। तकरीबन 5 वर्ष पूर्व से यहां पर कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ नहीं है। जो थोड़ा बहुत स्वास्थ्य लाभ ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों को मिल रहा था, उदयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन 100 से 120 मरीज विभिन्न रोगों का उपचार कराने आते हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत गरीब लोग होते हैं एवं गर्भवती महिलाएं।

उदयपुर के आसपास का क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है यही लोग सबसे अधिक अस्पताल में इलाज करने आते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र पर कोई डॉक्टर नहीं है, सिर्फ एक आयुर्वेदिक डॉक्टर थे, जो मरीज को देखकर उचित सलाह एवं प्राथमिक उपचार कर देते थे। परंतु जिला आयुष अधिकारी ने हफ्ते में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार आयुर्वेदिक डॉक्टर की सिरोंज आयुर्वेदिक अस्पताल में ड्यूटी लगा दी। जिसके कारण उदयपुर में बनी बनाई स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो गई है। अगर यही व्यवस्था बहाल नहीं करी गई तो ग्रामीण जन आंदोलन करने बाध्य होंगे। उदयपुर क्षेत्र के तकरीबन 50 गांव के लोगों का कहना है उनकी जन प्रतिनिधियों से यही मांग है कि केंद्रीय एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत से प्राप्त हो जाता है, परंतु स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है कि इसमें अभी और काम होना बाकी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। उदयपुर क्षेत्र कुपोषित एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, यह लोग अशिक्षित होने के कारण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं होते एवं जानकारी के अभाव में छोटे से रोग को भी गंभीर रूप में परिवर्तित कर लेते हैं। प्राथमिक स्तर यह लोग झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करवाते हैं वह डॉक्टर बिना ज्ञान की दवाई गोली देकर इनका इलाज करते रहते हैं। उदयपुर क्षेत्र से यातायात के साधन कमी के कारण यह लोग विदिशा, भोपाल इलाज करवाने नहीं जा पाते, क्योंकि बरेठ स्टेशन से भोपाल, विदिशा दो ट्रेन जाती है एक सुबह और शाम इसलिए भोपाल जाने से कतराते हैं यह लोग भोले भाले होते हैं जिला अस्पताल या भोपाल से एम्स में कागजी जानकारी करने में उनको दिक्कत होती है। इसलिए उदयपुर क्षेत्र के समाजसेवी एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन से मांग की है कि उदयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महीने में एक बार विशेषज्ञ चिकित्सकों का कैंप लगाकर रोगी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार एवं गंभीर रोगियों को भोपाल एम्स में उपचार के लिए भेजा जाए। जिनसे उनकी मेडिकल जांचों के उपरांत सही इलाज प्राप्त हो सके। ग्राम उदयपुर से बस एम्बुलेंस सुविधा चालू होना चाहिए जो मरीज को भोपाल एम्स लेकर जाए एवं उन्हे वापस उदयपुर छोड़ें। इसके लिए आसपास की 50 ग्राम पंचायत की समिति का निर्माण किया जाए वहां के सरपंच रोगियों को चिन्हित अपने-अपने ग्राम के मरीजों कैंप की जानकारी दें। इस बस एंबुलेंस का खर्चा शासन को उठाना चाहिए।

## कृषि महाविद्यालय में मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा योग दिवस मनाया गया। अधिष्ठाता डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग ने एनएसएस के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर योग का प्रारंभ किया। इस दौरान सभी छात्रों को विभिन्न प्रकार के योग एवं आसनों का अभ्यास कराया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉक्टर प्रवीण कुमार जगा ने बताया कि योग हमारी प्राचीन जीवन शैली में आता है। जिसका उपयोग हमारे छात्रों को एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने के लिए बहुत आवश्यक होता है सभी छात्रों को आज से ही योगा अभ्यास पर ध्यान देना चाहिए। ताकि विद्यार्थि स्वस्थ रहें और विद्यार्थियों को अपने जीवन में एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग धर्म का पालन करना चाहिए। स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर डॉक्टर राजमोहन शर्मा ने योग के विभिन्न चरणों के बारे में बताया जबकि डॉ. रामपुर अहिरवार ने छात्रों को प्राणायाम से क्या-क्या लाभ हो सकते हैं, उनके बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा कृषि महाविद्यालय के डॉ. नाहर सिंह खेड़कर, डॉ. प्रीति चौहान, डॉ. विनीता परते एवं स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार रासेयो के प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार जगा ने व्यक्त किया।

### पोलियो की खुराक पिलाने मोबाइल टीम गठित

**गंजबासौदा।** पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम 23, 24, 25 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बूथों पर व चलती ट्रेन में बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए भोपाल रेल मंडल द्वारा टीकाकरण बूथ का गठन किया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीना की ओर जाने वाली झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राजकोट एक्सप्रेस व इटारसी की ओर जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस, और उज्जैन की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में मोबाइल टीमों द्वारा चलती ट्रेनों में भी पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अखंड रामायण पाठ का आयोजन आज से

**सागर।** शहर की पुरानी पुलिस लाइन देव श्री शिव एवं हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन 23 जून एवं 24 जून को आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी शिवांश अमन दुबे ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से लगातार रामायण पाठ किया जाता है, जिसमें शहर से भक्त मंडली आती है और पहले दिन हनुमान लला का सिंगर किया जाता हैं । इलाहाबाद से पधारें पंडित गोपाल शरद दुबे द्वारा हवन पूजन किया जाता है। श्रृंगार आरती का आयोजन भी किया जाता है, साथ ही वार्ड के श्रद्धालुओं भी बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं इस दौरान शहर में अनेक जगह आतिशबाजी भी की जाती हैं। आयोजनकर्ता पं. मधुर धुव्र दुबे ने बताया कि अखंड पाठ के उपरांत 24 जून को भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाता है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि स्व मनीष दुबे की स्मृति में यह आयोजन किया जाता है। साथ ही श्रद्धालु सिद्धार्थ राजपूत द्वारा 21 फीट का झंडा भी चढ़ाया जाएगा। मंदिर प्रबधंन ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर धर्म लाभ अर्जित करें।

### छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक योग अभ्यास

**सागर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों की शिक्षण संस्थाओ में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने स्काउट गाइड ने सामूहिक योग अभ्यास किया और बच्चों को योग के फायदे बताएं। इस अवसर पर कई विद्यालयों में स्काउट गाइड द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम भी किया गया। इसी के साथ योग पश्चात शासकीय माध्यमिक शाला भापेल मे पक्षियों के लिए गाइडर मंजू लता राय एवं हेमलता पचोरिया के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न प्रकार के घर एवं घोसला बनाकर विद्यालय प्रांगण के वृक्ष पर लटकाए गए और पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई।

## रिमझिम बारिश के बीच उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# हम योग को जीवन का हिस्सा बना लें तो इसके माध्यम से हो सकते निरोग: उमेश







हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक रूप से योग करने के लिए शासकीय सी.एम राइज विद्यालय में एक दिन पूर्व भव्य तैयारियां की गई थी। तो वही स्कूल ग्राउड में टेंट सहित अन्य तैयारियां होने के साथ ही नगर के समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों व शिक्षकों को सी.एम राइज विद्यालय पहुंचाना था। लेकिन गुरूवार रात्रि से रिमझिम बारिश का क्रम शुरू हुआ जो कि सुबह 9 बजें तक जारी रहा। जिसके चलते स्कूल ग्राउंड में पानी होने के कारण स्कूल की गैलरी में योग शिक्षक दिनेश चंद्र आध्यत्मिक द्वारा योग कराया गया।

योग शिक्षक दिनेश चंद्र ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए लोगों को सूर्य नमस्कार, शंशाक आसन, कंसासन सहित कई तरह के प्राणायाम कराए और कहा कि जीवन शैली में सुधार लाएं। सुबह खाली पेट,चाय,पीने से परहेज करें। जिससे गैस संबंधि बीमारियों से छुटकारा मिलता है। इस अवसर पर बीईओ उमेश सोनी ने कहा कि भारत में वेदों के रूप में वैज्ञानिक चिंतन की एक लंबी परंपरा रही है जिसे सभी ज्ञान आधार के आरंभिक स्त्रोत के रूप में जाना जाता है और इसी वजह से योग के उद्भव का वेदों में होना कोई अपवाद की बात नहीं है। योग की चार धाराएं- ज्ञान, भक्ति, राज और कर्म योग बौद्धिक, भावनात्मक, इच्छा शक्ति और कर्म स्तरों पर कार्य करती है और व्यक्तित्व का समग्र रूप से विकास करती है। वही उन्होने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों,गणमान्य नागरिकों एंव स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तहसीलदार संजय चौरसिया,बीईओ उमेश सोनी,प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

### मन और शरीर को आराम देता है योग

केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में बड़े उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। छात्रों के लिए एक विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि योग संगीत की तरह है,शरीर की लय,मन की मधुरता और आत्मा के सदभाव मिलकर जीवन को एक सुर में पिरोते हैं। वही योग गुरु दिनेश गर्ग द्वारा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को योगासन के सभी महत्वपूर्ण आसन बड़े ही सुन्दर तरीके से बताते। साथ ही उनके महत्व को समझाया और स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि योग केवल शरीर की तरह कुछ मुद्राओं या आसान तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है यह हमें अपनी सांस,विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। योगासन प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी द्वारा योग गुरु दिनेश गर्ग का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर केडीबीएम कॉलेज के प्राचार्य शांताराम मराठा सहित स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### बच्चों को बताए विभिन्न प्रकार के योगासन

*शासकीय माध्यमिक शाला पाटन में योग दिवस के अवसर पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलन व प्रार्थना कर योगाभ्यास का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के प्राणायाम व योगासन कराए गए। जिसमें ग्रीवा संचालन, स्कंद संचालन, कटिबंध आसान, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पाद हस्त आसन,पद्मासन, भुजंगासन अश्वसंचालन, त्रिकूट आसान, मयूरासन, गरुड़ आसान, पर्वतासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, वज्रासन, शशकासन के अलावा भी कई आसान करवाए गए। इसके बाद योग प्राणायाम के अंतर्गत भस्तिका,कपालभाति, अनुलोम विलोम, ऊंकार ध्वनि, शांति पाठ कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी बच्चों को मोबाइल के माध्यम से दिखाएगा गया। साथ ही मुख्यमंत्री के संदेश को भी पढ़ कर सुनाया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ट्रॉफी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।*

### मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा पूर्ण निष्पक्षता से सम्पन्न कराएं : संभागायुक्त

**सागर।** मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 इस वर्ष 23 जुलाई रविवार को शहर के 12 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा इस परीक्षा में संभागीय पर्यवेक्षक अनिल पारे को नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 5449 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें। ततसम्बंध में सागर सम्भाग के सम्भागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने शहर के परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ़लाईंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, म.प्र. लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जावे।



### योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है : यश अग्रवाल

**सागर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय में जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल के साथ युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न आसनों का योगाभ्यास किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि योग से, व्यायाम से हमें स्वास्थ्य, आयुष और बल मिलता है। हममें से कितने ही लोग, जो बीते वर्षों में योग से नियमित जुड़े हैं। उन्होंने योग की ऊर्जा को महसूस किया है। व्यक्तिगत स्तर पर हमारे लिए बेहतर स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण होता है, ये हम सब जानते हैं। योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। हमने ये भी देखा है कि जब हम स्वास्थ्य संकटों से सुरक्षित होते हैं, तो हमारा परिवार कितनी ही परेशानियों से बच जाता है। योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है। योग हमारी अन्तः दृष्टि को विस्तार देता है। योग हमें उस चेतना से जोड़ता है, जो हमें जीव मात्र की एकता का अहसास कराती है, जो हमें प्राणी मात्र से प्रेम का आधार देती है। इसलिए, हमें योग के जरिए हमारे अंतर्विरोधों को खत्म करना है। हमें योग के जरिए हमारे गतिरोधों और प्रतिरोधों को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध चिकित्सक भी मानते है कि योग दिन-प्रतिदिन के जीवन में एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के तरीकों को विकसित करता है और किसी के कार्यों के प्रदर्शन में कौशल प्रदान करता है।

## दुकान में फांसी का फंदा बनाकर की आत्महत्या, चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के मेन बाजार से लगे नदी रोड पर एक पांच बच्चों के पिता ने वेलरी की दुकान में छत के पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी लगते ही उप निरीक्षक गुलाब तिवारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पंखे से नीचे उतरवाया और पंचनामे की कार्रवाई कर शव को पीएम हेतु बरेली सिविल अस्पताल पहुंचाया है।

बरेली थाने के उप निरीक्षक गुलाब तिवारी ने बताया कि कमलेश सोनी पिता राधाशरण सोनी उम्र करीब 62 वर्ष निवासी नदी रोड बरेली ने अपनी ही दुकान में रस्सी से पंखे पर फंदा लगाकर आत्म-हत्या की है। मृतक के बेटे नीलेश सोनी एवं बहू सुरभी सोनी ने बताया है कि उनके पिता रात को खाना खाकर सो गए थे। जब सुबह उठकर देखा तो पिताजी कहीं भी नजर नहीं आए, मृतक की बहू ने बताया कि हमने सोचा कि पिता नहा रहे होंगे लेकिन जब काफी देर तक पिताजी नही दिखे तो हम सब उन्हे यहां वहां और बाहर देखने लगे। अचानक मैंने दुकान का छोटा गेट खोला को पिताजी पंखे से लटके हुए थे। मैंने सभी परिजनों को पिताजी की सूचना दी और फिर उसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की बहू ने बताया कि पिताजी का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नहीं था, उनका उपचार चल रहा था। फिलहाल मृतक की जेब से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालाकि कि दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं परंतु बताया गया है कि सीसीटीवी कैमरे बंद हैं यदि सीसीटीवी कैमरे चालू हुए तो शायद पुलिस को इस घटना के संबंध में कुछ और जानकारी मिल सकती है।

### खरीफ फसलों की बुआई लगभग 4 इंच बर्षा होने के पश्चात ही करें : चेतन

**केसली।** विकासखंड केसली अंर्तगत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस.ए.डी.ओ चेतन मुजाल्दे ने बताया कि समस्त किसान भाईयों कृषि विकास विभाग द्वारा इस वर्ष से शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजना के लाभ हेतु पोर्टल पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। उसके पश्चात ही कृषि विभाग की हितग्राही मूलक योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। जिसमें लगभग धान, सोयाबीन, उड़द आदि बीज प्राप्त हो सकता है पंजीयन की अंतिम तारीख 24, 25 जून तक रहेगी ।साथ ही सभी किसान भाई ध्यान दें कि खरीफ फसलों की बुआई लगभग 4 इंच बर्षा होने के पश्चात ही करें । किसान भाई सीडड्रिल , रोटावेटर, मल्टीक्रोप उपकरण आदि की आवश्यकता है तो वह अपने नजदीकी स्थित कियोस्क सेन्टर से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं ।

# गिरधारीपुरम सड़क का काम अब एक भी दिन न रुके, बारिश में लोगों को परेशानी नहीं होना चाहिए : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महापौर संगीता सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों के साथ तिली तिराहा से न्यू आरटीओ कार्यालय तक बनाई जा रही सीसी रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि स्मार्ट सिटी द्वारा करीब 15 करोड़ रुपए की राशि से बनाई जा रही 2 किलोमीटर दूरी की इस सड़क की चौड़ाई पहले 9 मीटर थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस सड़क की चौड़ाई 9 से 18 मीटर करने का अनुरोध किया था। उन्होंने सड़क की चौड़ाई 18 मीटर करने की स्वीकृति प्रदान की, इसलिए यह सड़क अब 18 मीटर की बनाई जा रही है। इस सड़क के निर्माण होने से नागरिकों को बहुत सुविधा हो जाएगी और सागर शहर के लिए एक बहुत अच्छी लिंक रोड मिलेगी। महापौर ने सड़क की चौड़ाई 9 मीटर से 18 मीटर के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को धन्यवाद की ज्ञापित किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार से कहा बारिश में इस सड़क से आवागमन में लोगों को दिक्कत न हो इसलिए तात्कालिक तौर पर 800 मीटर लंबाई और 4 मीटर चौड़ाई की सड़क का जो हिस्सा प्राथमिकता से बनवाया जा रहा है, वह काम एक भी दिन बंद न हो। यह काम जल्दी से जल्दी पूरा करें। महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि गिरधारीपुरम सड़क के निर्माण होने से अब लोगों को आवागमन में सुविधा हो जाएगी और उनके समय की बचत होगी तथा चक्कर लगाकर नहीं जाना पड़ेगा, साथ ही यह सड़क सबसे ज्यादा उपयोगी रहेगी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंजीनियर से निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी पूर्ण कराने की बात भी कही। तिली तिराहा से आरटीओ कार्यालय तक 14 मीटर सड़क निर्माण के साथ ही दोनों तरफ 3 मीटर के पाथवे एवं 1 मीटर का डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल, एमआईसी सदस्य रुपेश यादव, एमआ ईसी सदस्य संगीता जैन, एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, पार्षद मनोज चौरसिया, सुशील पांडेय, रिशांक तिवारी, विकास बेलापुरकर, आरके खरे, राम चंद्र, अशोक मार्को, नीरज नामदेव, उपयंत्री दिनकर शर्मा, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंजीनियर आदि उपस्थित थे।

## दिगंबर जैन महिला परिषद द्वारा गांव की गोरी कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद द्वारा "गांव की गोरी" कार्यक्रम का आयोजन प्रांतीय संगठन सचिव सुनीता अरिहंत द्वारा मैजेस्टिक प्लाजा में आयोजित किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत गोमय घड़ी, माला और मोमेंटो भेंटकर किया गया। इस अवसर पर संयोजक संभागीय अध्यक्ष संध्या रांधेलिया ने कहा कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में आकर हमारा समाज मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं से रहित होता जा रहा है। "गांव की गोरी"कार्यक्रम जैसे आयोजन भारतीय परंपराओं को सहेजने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। मुख्य अतिथि शकुंतला जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत ही विशिष्ट था। सभी बहनों द्वारा भारतीय संस्कृति और बुंदेली संस्कृति को संजोकर प्रस्तुत किया गया, यह सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय सचिव मंजू मगन जैन ने कहा कि आज की व्यस्तता भरी जिंदगी में हम सब जैसे हंसना ही भूल गए हैं।

## अधिकारियों, छात्रों और शिक्षकों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



शासकीय बालक हाई सेकंडरी स्कूल में योग कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों अधिकारियों शिक्षकों छात्र-छात्राओं द्वारा योग अभ्यास किया गया। काय्रक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी, एसडीएम संतोष मुद्गल, तहसीलदार अंबर पंथी, उप निरीक्षक राम प्रसाद गोहे, प्राचार्य केके बानी मौजूद रहे। बालक हाई सेकंडरी स्कूल के व्यायाम शिक्षक राजेश गोयले ने विभिन्न योग क्रियाओं का परिचय उनसे होने वाले लाभ से अवगत कराते हुए काय्रक्रम में उपस्थित सभी को योग अभ्यास कराया गया। एसडीएम मुद्गल ने सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ और महत्व पर प्रकाश डाला, कहां कि शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत पटेल ने कहा कि तनावपूर्ण जीवन शैली में कुछ समय योगाभ्यास से तनाव एवं अन्य बीमारियों से पर नियंत्रण रखा जा सकता है। योग प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल कर जीवन को संतुलित बनाए जा सकता है कार्यक्रम के दौरान भोपाल के मुख्य योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक उपस्थिति रही।

## डेफोडिल्स स्कूल में हुआ योग दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




नगर की अग्रणीय शैक्षणिक संस्था डेफोडिल्स स्कूल में 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि योग ट्रेनर श्रीमति प्रीति रूसिया द्वारा भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति और योग से निरोगी रहने के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में श्रीमति रूसिया ने अनुलोम, विलोम एवं विभिन्न योग आसन करके प्रदर्शन किया और सभी से प्रतिदिन योग क्रियाएं करने का आग्रह किया। छात्र-छात्राओं में योग करने से नई उमंग का संचार हुआ और चेहरों पर चमक दिखाई दी। कहा कि योग को दिनचर्या में सम्मलित कर सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## मंत्री ने मंदिरों के पुजारियों का सम्मान कर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के स्वास्थ्य परिवार कल्याण नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अपना जन्म दिन नर्मदा मैया सेवा आश्रम मांगरोल में मनाया। क्षेत्र के ग्रामों से आए खेडापतियों, मंदिर के पुजारियों, साधु-संतों का सम्मान रायमंत्री पटेल एवं उनके परिवार द्वारा किया गया। सुबह से शाम तक नर्मदा मैया सेवा आश्रम में रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को जन्म दिन की बधाई देने आने-जाने का सिलसिला बना रहा। प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से अपना जन्म दिन मनाता है। परंतु मंत्री पटेल ने मंत्री बनने के बाद दूसरे वर्ष भी नर्मदा मैया आश्रम में मंदिरों के पुजारियों, ग्राम के खेड़ापति, ब्राह्मणों, क्षेत्र के साधु संतों का सम्मान कर और आशीर्वाद लेकर मनाया गया। कथा व्यास पूय ब्रह्मचारी जी महाराज जी, कथा व्यास प्रज्ञा भारती, रत्नमणी के साथ अन्य गणमान्य नागरिकों की कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि विनु हरिकृपा मिले नही संता, तो हरि की कृपा के लिए पूयजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है तो उससे मैं क्यो अछूता रहूं। विप्रजनों का आशीर्वाद लेना सौभाग्य है।




### कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

क्रमांक /2423/PWD/2024 विदिशा,दिनांक 19/06/2024

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2423 | 2024_UAD_352282_1 | for cutting and cleaning of eucalyptus trees at the sewerage treatment plant. | 1 Call | 300000.00 | 3000.00 | 2000.00 | 03 Month | 09-07-2024 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी http://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद, विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**

### घुमक्कड़ समाज के कई बच्चे शिक्षा से वंचित, शासकीय योजनाओं से वंचित

# स्कूल जाने की उम्र में थैला लेकर प्लास्टिक उठाते नजर आते हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' का नारा उस तस्वीर के आगे फीका पड़ता दिखाई देता है, जिसमें स्कूल जाने की उम्र में बच्चे थैला लेकर पन्नी बीनने और बाल मजदूरी करते दिखाई देते हैं। अब इसे हमारे सिस्टम की उदासीनता कहें या बाल संरक्षण के प्रति लापरवाही। आज भी शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं बनती हैं, मगर जमीनी स्तर पर आकर दम तोड़ देती हैं। बेरखेड़ी चौराहा, फैक्ट्री चौराहा, दीवानगंज, सलामतपुर चौराहा और दीवानगंज क्षेत्र में घुमक्कड़ जाति वर्ग के लोग रहते हैं।



सुबह जिस समय दूसरे घरों के बच्चे स्कूल के लिए हाथ में बस्ता लेकर निकलते हैं। इस मोहल्ले के बच्चे हाथ में थैला लेकर कचरा बीनने या बाल मजदूरी करने जाते हैं। दीवानगंज में घुमक्कड़ समाज के कई बच्चे शिक्षा से वंचित है। कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीय बाल एवं संरक्षण अधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित डोला घाट हनुमान मंदिर कुलहडिया पर कैंप लगाकर कई बच्चों के परिजनों से भेंट कर तथा बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा भी लिया था। कानूनगो ने अधिकारियों से भोपा समाज और अनाथ बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा था। उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा था। उनके बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने के निर्देश दिए थे। छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का लाभ देने के लिए इनकी जाति का निर्धारण करने के लिए जरूरी कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। क्षेत्र में रह रहे सेहरिया, बछड़ा, सपेरा, गुसाई सहित आदिवासी समाज के लोगों को भी शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में निर्देश दिए थे। दीवानगंज और बेरखेड़ी चौराहा पर ऐसे बच्चे आसानी के साथ मिले जाएंगे, जो कचरा बीनने का कार्य करते हैं। इन सभी बच्चों का स्ट्रीट चिल्ड्रन के अंतर्गत सर्वे कराया जाना चाहिए। कुछ समय चाइल्ड लाइन ने भी सर्वे किया था मगर स्थिति वैसी की वैसी ही है। अभी भी कुछ ऐसे बच्चे हैं जो क्षेत्र में पन्नी बिनते नजर आ रहे हैं।

***इन बच्चों की शिक्षा के विषय में कोई नहीं दे रहा ध्यान ...***

शासन प्रशासन की तरफ से कचरा बीनने वाले बच्चों, अनाथ बच्चों जिनके माता-पिता इस दुनिया में नहीं है ऐसे बच्चों के लिए सरकार कई योजना लेकर आई है। जिससे बाल मजदूरी के साथ ही पन्नी, कबाड़ा न बिनना न पड़े। दीवानगंज क्षेत्र में ऐसे कई बच्चे रोज घूमते दिखाई देते हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही यहां पर कैंप लगाया गया था जिसमे कई बच्चों को सरकार की चल रही योजना का लाभ दिया जा रहा है।

**गिरजेश नायक**, दीवानगंज सरपंच

ऐसे परिवारों के लिए शिक्षा के प्रति जागरुक करना आवश्यक है। इनको विस्तार पूर्वक समझाना पड़ेगा कि बच्चों को पढ़ाना कितना आवश्यक है, यहां के बच्चे सुबह 6 बजे से ही फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज के आसपास पन्नी बिनते हुए नजर आते हैं उनकी शिक्षा के विषय में कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है सरकार कई तरह से प्रयास कर रही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहें मगर इसके बावजूद भी घर के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। छोटे छोटे बच्चों को सुबह से ही पन्नी बिनने भेज देते हैं।

**भानु**, सरपंच ग्राम पंचायत सेमरा

# अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से दिन में कई दफा लगता जाम

### बेतरतीब पार्किंग से लग रहा जाम, हाथ ठेले भी बने बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मुख्य सड़क मार्ग पर बेतरतीब वाहन पार्किंग,फुटकर दुकानों के डेरे के कारण यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि आए दिन वाहन चालकों में विवाद भी हो रहे हैं। यही नहीं वाहन दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन अब तक शहर की जाम से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए जिम्मेदारों ने न तो पहल की न ही जाम का कारण बन रहे अतिक्रमणकारियों व वाहन चालकों पर कोई ठोस कार्रवाई की।

ऐसे में नगर के लोग आए दिन परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बुधवार को एक बार फिर यातायात की बिगड़ैल व्यवस्था से नगरवासियों को दो चार होना पड़ा। मुख्य सड़क पर चहुंओर बेतरतीब खड़े वाहन ही वाहन खड़े दिखाई दिए। इस अव्यवस्था से पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। लंबे समय से नगर के मुख्य सड़क मार्ग के दोनों तरफ अवैध रूप से खड़े रहने वाले वाहन और सड़क पर फैला बाजार नगर की यातायात व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं।




**कब मिलेगी निजात, किसकी है जिम्मेदारी**


*वैसे तो नगर में जाम लगने के कारण अतिक्रमण और अवैध पार्किंग बना हुआ है। जिन पर पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। नागरिक बोले यदि प्रशासन अतिक्रमण हटा दे और पुलिस अवैध पार्किंग पर चालानी कार्रवाई करे तो कुछ हद तक सुधार आ सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि रोजाना जाम के हालत बन रहे हैं। नागरिकों ने सवाल किया है कि आखिर इस जाम की समस्या से कब निजात मिलेगी। पैदल राहगीरों को नो पार्किंग और कहीं भी सड़क पर खड़े वाहनों से,बेतरतीब यातायात से इस तरह लग रहा सड़क पर जाम। गौर तलब रहे कि गांधी चौक, बजरंग चौराहा, उदयपुरा रोड, सागर रोड़, बरेली रोड तक का पूरा इलाका अवैध पार्किंग की चपेट में रहता है। यहां नियमित मॉनिटरिंग एवं कार्रवाई की आवश्यकता है। खासतौर पर बड़ी संख्या में सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाते हैं जो परेशानी का मुख्य सबब हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन इसके सुधार की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।*

## ग्राम महुआ खेड़ा में तेंदुआ के हमले से गाय हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

रायसेन जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गीदगढ़ के गांव महुआ खेड़ा गांव से लगे जंगल के पास खेत पर चर रही गाय पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

गनीमत रही कि लोग वहां पर मौजूद थे जब उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ गाय को छोड़कर जंगल में भाग गया। जानकारी के मुताबिक महुआ खेड़ा निवासी नेपाल सिंह मीणा की गाय अन्य मवेशियों के साथ खेत पर चर रही थी इसी दौरान तेंदुए जंगल से बाहर निकलते हुए गाय पर हमला कर दिया, वहां पर मौजूद लोगों ने गाय की आवाज सुनकर शोर मचाया तो तेंदुआ भाग गया। तेंदुए के हमले से गाय के गर्दन पर तेंदुआ केदांत के निशान लग



गए। जिससे गाय घायल हो गई। बता दे की लगभग 6 महीने पहले भी नेपाल सिंह मीणा की एक गाय पर तेंदुआ ने हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी वहीं तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तेंदुआ लगातार नर खेड़ा, कयामपुर ,संग्रामपुर, शाहपुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों के पशुओं का शिकार कर रहा है।

## दीवानगंज क्षेत्र में बन रही चार गोशालाएं लेकिन पशुओं को नहीं मिल रहा ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज क्षेत्र में 4 साल से गोशाला का निर्माण कार्य चल रहा है। 10 किलोमीटर के अंदर चार गोशालाएं बन रही है। जिनमें से गोशाला गीदगड़ वाली बनकर तैयार हो गई है मगर बिजली और पानी की कमी के कारण आवारा पशुओं को ठिकाना नहीं मिल सका है।

दीवानगंज से कुछ ही दूरी पर स्थित गीदगड़ पंचायत मैं गौशाला का निर्माण हो रहा था जो 1 साल पहले बनकर तैयार हो गई हैं मगर बिजली और पानी की कमी से गोशाला मैं पशुओं को छोड़ने का कार्य अभी तक चालू नहीं हुआ। क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभु राम



चौधरी ने लगभग चार साल पहले दीवानगंज पंचायत में 3 ग्राम पंचायतों में गोशाला निर्माण करने की आधारशिला रखी थी जिसमें गीदगढ़ पंचायत गोशाला , सेमरा पंचायत गोशाला, शाहपुर पंचायत के भर्तीपुर गोशाला की आधारशिला रखी थी उसी समय प्रत्येक गोशाला के लिए 37 लाख 85 हजार रुपए राशि भी निश्चित की गई थी तभी से आज तक इन गौशालाओं का निर्माण कार्य चालू है। गौशाला में कभी निर्माण कार्य चालू हो जाता है तो कभी रुक जाता है। 3 पंचायतों की गोशाला का निर्माण आज तक पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुई है जिसमें से गीदगढ़ पंचायत में गोशाला का निर्माण तेजी से चल रहा था जो पूरा हो गया। मगर उसमें अभी पानी और बिजली की कमी है। बिजली और पानी की कमी के कारण अभी तक पशुओं को नहीं रखाजा सका।

क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी कि बारिश के समय में आवारा पशुओं को गोशाला में छोड़ देंगे, मगर गोशाला का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण पशुओं को नहीं छोड़ा जा रहा है भोपाल विदिशा हाईवे पर अक्सर आवारा पशुओं की मौत होती रहती है।

## नियमों को ताक पर रखकर नेशनल हाईवे पर बना दिए पांच स्पीड ब्रेकर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

सांची से विदिशा को जोड़ने वाली नेशनल हाईवे सड़क पर कई स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। वैसे तो नेशनल हाईवे पर स्पीड ब्रेकर बनाने का कोई प्रावधान नहीं है। मगर आसपास के गांव के लोगों की शिकायत पर यातायात नियमों का पालन करते हुए एक दो स्पीड ब्रेकर बना दिए जाते हैं जिससे कि कोई दुर्घटना ना हो। मगर यहां तो ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता की यातायात के कोई नियमों का पालन हुए हो। एक दो की जगह 5 का स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं स्पीड ब्रेकर बनाने के पहले चेतावनी चिन्ह बनाए जाते हैं और साथ ही पीला या सफेद पेंट या रेडियम लगाया जाता है। जिससे कि वाहन चालक को ब्रेकर देखने में आसानी हो कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच सकते हैं।

# होटल-रेस्टॉरेंट पर खुलेआम हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों से कारोबार

### मिलावटी खाद्य सामग्री की जांच पर सवाल, पता नहीं चलता सैंपल पास हुए या फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

यूं तो प्रदेश के साथ ही जिले भर में भी शुद्ध के लिए युद्ध अभियान छेड़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि मिलावटी खाद्य सामग्री, मिठाई, नकली मावा और घी आदि की बिक्री पर कोई अंकुश नहीं है।

अधिकांश होटलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का ही उपयोग हो रहा है,लेकिन प्रशासन इस ओर अनदेखी किए हुए है,जबकि सड़क पर खुले में घरेलू गैस सिलेंडर रखकर अधिकारियों के सामने ही खुलेआम अवैध कारोबार किए जा रहे हैं। खाद्य पदार्थों की ऐसी दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम नियमित रूप से आती है और न ही इनकी जांच का अता पता चलता है। यह भी पता नहीं चलता है कि किसके सैंपल पास हुए है और किसके फेल। कई बार तो अधिकारी यहां आते हैं और संबंधित दुकानों पर चाय नाश्ता कर चलते बनते हैं। यही कारण है कि



मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं रुक पा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध कड़े नियम बनाए गए है, लेकिन सरकारी नुमाइंदों की लापरवाही और चंद लोगों की मिलीभगत के चलते आम लोग मिलावटी खाद्य सामग्री का उपयोग करने को मजबूर है। जिला मुख्यालय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग का कार्यालय मौजूद हैए लेकिन सिलवानी में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा कार्यालय नहीं होने के कारण सीधे जिले से ही जिम्मेदारों द्वारा सिलवानी पहुंचकर खाद्य सामग्री की दुकानों में जांच के नाम पर मात्र सैंपल लिए जाते है लेकिन आज तक यह पता नहीं चला कि कितने खाद्य सामग्री के सैंपल लिए और उनमें से कितने फेल हुए, जिनके फेल हुए उन पर विभाग ने क्या कार्रवाई की। नागरिको का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर एवं औषधि विभाग का कार्यालय ना होने के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं।

खाद्य एवं औषधि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सिर्फ तीज त्योहारों पर ही खाद्य सामग्री के सैंपल लिए जाते हैं लेकिन यह कभी जनता को बताया नहीं जाता कि लिए गए सैंपल में से किसके पास हुए और कितने फेल, इसी तरह मेवा मिष्ठान आदि की दुकानों पर दाम भी मनमाने वसूले जा रहे हैं। इनके सामान की कोई दरें तय नहीं है,जिससे उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं। यह बात भी सामने आई है कि नगर में कई दुकानें बिना खाद्य लाइसेंस के ही चल रही है।

# सोने-चांदी के जेवरात सहित 70 हजार नकदी चुरा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में चोर एक सूने मकान से शुक्रवार रात 70 हजार नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। शनिवार सुबह मकान मालिक का बेटा जब घर पहुंचा, तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था, उसने अंदर जाकर देखा तो अलमारी में से नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

इसके बाद उसने तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।थाना प्रभारी संदीप चौरसिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरु की। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार



शहर के चोपड़ा स्थित मासेर रोड के निवासी मोहम्मद मजीद खान शुक्रवार शाम को मकान में ताला डाल कर अपने पुराने घर नगर पालिका के पीछे चले गए थे। इसी दौरान शनिवार सुबह 9:30 बजे उनका बेटा मकान पर पहुंचा तो में गेट का ताला टूटा था, उसने अंदर जाकर देखा तो पीछे का दरवाजा खुला था। चोरों ने मेन गेट से प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पीछे वाले गेट से भाग गए। मोहम्मद मजीद खान ने बताया कि गोदरेज की अलमारी में रखें 70 हजार सहित सोने-चांदी के जेवरात गायब हैं।

# खनिज विभाग की कार्रवाई के वाबजूद भी नहीं लग रही अवैध रेत पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिले की रेत खदानों पर ठेकेदार द्वारा चिन्हित खदानों का विभाग से अनुबंध किया गया, ठेकेदार भी विभाग से किए गए अनुबंध को ध्यान में रखकर अनुबंधित खदानें संचालित कर रहा है। वाबजूद आमजन द्वारा जिले की नर्मदा घाटों से अबैध रेत उत्खनन परिवहन की शिकायतें निरंतर की जा रही है।

जिसके अमल में जिला कलेक्टर अरबिंद दुबे के सख्त निर्देशन में खनिज विभाग निरंतर सख्त कार्यवाही करता आ रहा है बाबजूद कुछ नर्मदा घाटों से रेत माफियाओं द्वारा माँ नर्मदा का सीना छलनी कर नर्मदा नदियों से निरंतर अबैध रेत उत्खनन परिवहन जारी है। रायसेन जिले अंतर्गत आने वाली ऐसी ही एक मोतलसिर रेत खदान है जहां से आज भी निरंतर बेखोफ होकर रेत माफिया माँ नर्मदा का सीना छलनी कर अबैध रेत उत्खनन परिवहन कर रहे हैं ,इस खदान की जानकारी स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग दोनों को हे बाबजूद इस खदान से अबैध रेत उत्खनन परिवहन पर रोक नही लगना प्रशासन पर सबाल खड़े करते दिखाई दे रहा है।

लोगों ने इस खदान की शिकायत राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से भी की ओर मंत्री पटेल ने इस खदान को लेकर प्रशासन को चेताया भी। पर हाय तोवा मजाल प्रशासन अपनी कुम्भकर्णी नींद से जागे। मंत्री पटेल विगत दिनों से माँ नर्मदा के अस्तित्व को बचाने की पुरजोर कोशिश में प्रशासन को हिदायत देते आ रहे हैं किंतु मोतलसिर खदान से अबैध रेत उत्खनन परिवहन देख ऐसा लगता है मानों मंत्री पटेल की हिदायत विभाग एक कान से सुन दूजे कान से निकाल देता हो। अब माँ नर्मदा भक्त मंत्री पटेल और विभाग से यह आस लगाए बैठे हैं की जैसे भी हो पर माँ नर्मदा का अत्याधिक दोहन प्रतिबंधित करना ही होगा, वहीं माँ नर्मदा भक्तों का कहना है कि निर्माण कार्यों में रेत एक विशेष उपयोगी वस्तु है और हम इसे परिवहन करने से नही रोकते किन्तु जब शासन प्रशासन ने सही मापदंडों द्वारा रेत परिवहन पर नीति बनाई है।

फिर वाहन स्वामी उस आधार पर चलकर भी तो अपना व्यपार सुनिचित कर सकते हैं। क्या यह जरूरी है कि अपनी तिजोरी भरने के लिए वाहन स्वामी सरकार की नीति के विरुद्ध ओर माँ नर्मदा का सीना छलनी करें।जो भी हो इस बड़ी समस्या को लेकर शासन प्रशासन को अब कोई ठोस नीति बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

# पुलिस की हिरासत में आए तीन नाबालिग प्रेमी जोड़े

### एक जोड़ा 3 महीने पहले और दो प्रेमी जोड़े 2 दिन पहले ही घर से भागकर पहुंचे सलामतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शनिवार को भोपाल क्षेत्र के एक पूर्व विधायक के फार्म हाउस कर्मचारियों की सतर्कता के चलते तीन नाबालिग प्रेमी जोड़े सलामतपुर पुलिस की हिरासत में आ गए। एक प्रेमी जोड़ा मंडला और दो प्रेमी जोड़े जबलपुर से भागकर काम की तलाश में थाना क्षेत्र के घोडापछाड़ स्तिथ फार्म हाउस पहुंचे थे।

तीनों नाबालिग लड़कियों और तीनों नाबालिग लड़कों को सलामतपुर पुलिस थाने ले आई और संबंधित प्रेमी जोड़ों के परिजनों और पुलिस को जानकारी देकर उनसे पूछताछ की। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार सुबह 11 बजे थाना प्रभारी को पूर्व विधायक के फार्म हाउस से सूचना मिली कि तीन नाबालिग जोड़े काम की तलाश उनके यहां आए हैं जो संदिग्ध लग रहे हैं।



जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल घोड़ापछाड़ स्तिथ पूर्व विधायक के फार्म हाउस पहुंची और तीनों नाबालिग जोड़ों को थाने ले आई। सभी नाबालिगों की उम्र लगभग 15 से 16 वर्ष के बीच है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि एक नाबालिग लड़का लड़की 23 मार्च को मंडला जिला के बीजादांडी थाना क्षेत्र से भागे थे। जिसकी परिजनों ने थाने में रिपोर्ट की। बीजादांडी पुलिस ने 363 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया था। मामला दर्ज करने के बाद से ही पुलिस को दोनों का कहीं कुछ पता नही चल रहा था। वहीं दो जोड़े जबलपुर के पनागर थाना क्षेत्र से तीन दिन पहले ही भागकर सलामतपुर पहुंचे हैं। इस मामले में भी पनागर थाने में 363 आईपीसी का मामला दर्ज है। शनिवार शाम को मंडला और जबलपुर पुलिस सलामतपुर थाने पहुंच गई थी और तीनों नाबालिग प्रेमी जोड़ों को अपने साथ ले गई।

**तीनों जोड़े आपस में हैं दोस्त**

*मंडला और जबलपुर जिले के गांवों से भागकर आईं तीनों लड़कियां और लड़के आपस में दोस्त हैं। इसमें से एक जोड़ा तीन महीने पहले घर से भागा था और इन्हीं ने अपने दोनों दोस्तों को तीन दिन पहले जबलपुर स्टेशन बुला लिया। यह दोनों भी पनागर गांव से अपनी नाबालिग प्रेमिकाओं को भगाकर लाए थे। तीनों ही प्रेमी जोड़े श्रीधाम एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर जबलपुर स्टेशन से भागे थे। और इनके किसी परिचित ने सलामतपुर का पता बताया था कि वहां चले जाओ खेत पर काम मिल जाएगा। तीनों जोड़े घोड़ापछाड़ स्तिथि फार्म हाउस पहुंचे और कर्मचारियों की समझदारी की वजह से गिरफ्त में आ गए।*